वाहन की टक्कर, ट्रक के केबिन में फंसे ड्राइवर-क्लीनर

रतलाम। नामली में रतलाम-मंदसौर फोरलेन पर गुरुवार शाम सड़क हादसे में 5 वाहन आपस में टकरा गए। पल्दूना फटे पर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से दूसरा ट्रक टकरा गया। इसके बाद पीछे आ रहे अन्य वाहन भी एक-दूसरे से भिड़ गए। हादसे में एक ट्रक का ड्राइवर और क्लीनर केबिन में फंस गए। उन्हें कटर से केबिन काटकर बाहर निकाला गया। हादसा गुरुवार शाम करीब 4.15 बजे हुआ। टक्कर के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस भी पहुंच गई।

फोरलेन पर चल रहा था स्पीड ब्रेकर बनाने का काम

जानकारी के मुताबिक, पल्दूना फटे पर फोरलेन सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने का काम चल रहा है। संबंधित निर्माण कंपनी ने सड़क पर बैरिकेड्स लगा रखे हैं। इसी दौरान आगे चल रहे ट्रक में पीछे से दूसरा ट्रक टकरा गया। अचानक ब्रेक लगने के कारण पीछे आ रहे पांच अन्य वाहन भी आपस में भिड़ गए।

केबिन में फंसे ड्राइवर-क्लीनर

हादसे के बाद सबसे आगे वाले ट्रक के केबिन में ड्राइवर और क्लीनर के पैर फंस गए। दोनों टूटे हुए कांच के पास से बाहर दिखाई दे रहे थे, लेकिन खुद बाहर नहीं निकल पा रहे थे। इसके बाद कटर की मदद से ट्रक का केबिन काटकर उन्हें बाहर निकाला गया।

प्रभावती मोदी की स्मृति में विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित

जावरा। लायंस क्लब जावरा एवं लायंस नेत्र चिकित्सालय जावरा के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय श्रीमती प्रभावती जी मोदी की स्मृति में मोदी परिवार पेटलावद के सौजन्य से दो दिवसीय विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 23 एवं 24 नवंबर को लायंस नेत्र चिकित्सालय परिसर जावरा में किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सुधीर जैन एडवोकेट (अध्यक्ष), संदीप राका (सचिव), विपिन चोरड़िया (कोषाध्यक्ष), अनोखीलाल मोदी (पेटलावद), प्रदीप शर्मा (चेयरमैन), सजी वर्गीस (चेयरमैन, साइट फर्स्ट इ समिति), कमल जी मुंडत, गोपाल जी सेठिया, रजनीकांत जी शाह एवं नरेंद्र संघवी (व्यवस्थापक) उपस्थित रहे। मोदी परिवार पेटलावद द्वारा स्वर्गीय श्रीमती प्रभावती जी मोदी की स्मृति में आयोजित इस सेवा कार्य के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का सराहनीय प्रयास किया गया। शिविर के माध्यम से समाजसेवा एवं मानव सेवा का संदेश दिया गया। संचालन चिकित्सालय मैनेजर जयप्रकाश श्रीवास्तव ने किया तथा आभार नरेंद्र संघवी ने माना।

राष्ट्रीय मंच पर जावरा का गौरव : पुष्पा वरुण 19 अवॉर्ड्स से सम्मानित

बेलगांव में आयोजित ऑल इंडिया लीनेस कॉन्फ्रेंस में एमपी-1 का दबदबा

जावरा। सामाजिक सेवा और संगठनात्मक नेतृत्व के क्षेत्र में जावरा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान दर्ज कराई है। बेलगांव स्थित रेजिडेंसी क्लब में 21 व 22 नवंबर को आयोजित ऑल इंडिया लीनेस अवॉर्ड कॉन्फ्रेंस में एमपी-1 की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस पुष्पा वरुण को कुल 19 पुरस्कारों से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान उत्कृष्ट सामाजिक गतिविधियों, कुशल नेतृत्व क्षमता और डिस्ट्रिक्ट के बेहतरीन संचालन के लिए प्रदान किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से जावरा सहित पूरे अंचल का मान बढ़ा है। एमपी-1 कृष्णिका की डिस्ट्रिक्ट सचिव कविता चौहान ने बताया कि यह भव्य राष्ट्रीय सम्मेलन ऑल इंडिया प्रेसिडेंट आशा मोहन राव के नेतृत्व व मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। समारोह में अतिथि के रूप में आशा मोहन राव के साथ इंदु मेहता, डॉ. मंजरी कुलकर्णी और सीमा पटने उपस्थित रहीं। देशभर से जुटे लीनेस पदाधिकारियों व सदस्यों की मौजूदगी में विभिन्न प्रकल्पों में श्रेष्ठ कार्य करने वाले क्लबों व पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिताओं में भी एमपी-1 का उत्कृष्ट प्रदर्शन

पुष्पा वरुण को प्राप्त 19 पुरस्कारों में से तीन पुरस्कार विभिन्न सांस्कृतिक व रचनात्मक प्रतियोगिताओं में एमपी-1 की श्रेष्ठता के लिए मिले। सिंगिंग प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए डिस्ट्रिक्ट क्लब खंडवा ग्रेटर की लीनेस अंजलि रेवतानी को सम्मानित किया गया। वहीं, रंगोली प्रतियोगिता में उत्कर्ष उड़ान की लीनेस जयंती अभियंकर तथा होली नृत्य प्रतियोगिता में उत्कर्ष उड़ान रूप ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार अपने नाम किए।

पदाधिकारियों व शुभचिंतकों ने दी बधाई

डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पुष्पा वरुण की इस उल्लेखनीय सफलता पर डिस्ट्रिक्ट सचिव (सेवा गतिविधि) पुष्पा वासन, डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष आभा शर्मा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, वरिष्ठजनों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने इस उपलब्धि को समाजसेवा, संगठनात्मक नेतृत्व और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रेरणादायक बताया।

चंद्रकांताबेन भंसाली का स्वर्गवास, 27 नवंबर को शोक बैठक एवं सभा का आयोजन



झाबुआ। स्व. श्री समीरमल भंडारी की सुपुत्री एवं जिले के वरिष्ठ समाजसेवी तथा साहित्यकार डॉ. यशवंत भंडारी की बड़ी बहन और निखिल भंडारी की बुआसा चंद्रकांताबेन भंसाली का विगत 23 नवंबर को सातापूर्वक समाधिमरण हो गया। जिनका कार्यक्रम 27 नवंबर, शुक्रवार सुबह 9.15 बजे निज निवास पर तस्वीर पर धूप-दीप प्रज्जवलन एवं सुबह 10.30 बजे से श्री ऋषभदेव भवन जिनालय स्थित पोषध शाला भवन में शोक बैठक एवं सभा का आयोजन होगा। इसके बाद दोपहर 11 बजे से स्मृति भोज का आयोजन रखा गया है। शोकाकुल सुरेशचंद, यशवंत, कमलेश, प्रमोद, जीवनलाल, राजेंद्र एवं समस्त भंडारी परिवार पारा, झाबुआ ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

भगवान भरोसे श्रद्धालुओं की जान, प्रशासन की फाइलों में अदृश्य हुए सुरक्षा के बैरिकेड्स!

गायब हुए बैरिकेड्स, अब राम भरोसे यातायात, फोरलेन के बीच स्थित सकस बावजी मंदिर पर रोज़ टल रहे बड़े हादसे, अस्थायी बैरिकेड्स गायब होने से तेज रफ्तार वाहनों के बीच दौड़ने को मजबूर बुजुर्ग और बच्चे





जावरा । जावरा-रतलाम फोरलेन पर स्थित प्रसिद्ध सकस बावजी मंदिर में दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को इन दिनों भगवान के दर्शन से पहले साक्षात यमराज के दर्शन करने पड़ रहे हैं। फोरलेन के ठीक बीचों-बीच स्थित इस आस्था के केंद्र तक पहुंचने के लिए हजारों भक्तों को रोजाना तेज रफ्तार से दौड़ते भारी वाहनों के बीच जान की बाजी लगाकर सड़क पार करनी पड़ रही है। हैरानी की बात यह है कि टोल वसूलने वाली निर्माण कंपनी से लेकर यातायात और राजस्व विभाग तक, सभी मानो किसी बड़े हादसे के घटित होने की प्रतीक्षा में कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं। प्रशासनिक संवेदनहीनता का आलम यह है कि पूर्व में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के नाम पर यहां जो अस्थायी जिग-जैग बैरिकेड्स लगाए गए थे, वे भी अब रहस्यमय तरीके से गायब हो चुके हैं। मंदिर के दोनों ओर प्रसाद की दुकानें होने से यहां वाहनों का बेतरतीब रुकना और महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों का सड़क पार करना आम बात है। कई बार यहां बड़े हादसे होते-होते टले हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही।

चार विभागों को पत्र लिखकर नींद से जगाने की कवायद

सिस्टम की इस बेरुखी को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार हरण ने अब मोर्चा संभाला है। उन्होंने एसडीएम जावरा, क्षेत्रीय विकास आयुक्त उज्जैन, निर्माण ठेकेदार कंपनी अशोक बिल्डकॉन, डीएसपी यातायात रतलाम और यातायात थाना निरीक्षक जावरा को अलग-अलग पत्र भेजकर व्यवस्था को आईना दिखाया है। संगठन के जिला मीडिया प्रभारी प्रतीक लोढ़ा ने बताया कि पत्रों के माध्यम से अधिकारियों से आग्रह किया गया है कि वे किसी अप्रिय घटना का इंतजार करने के बजाय आपसी समन्वय से समय रहते जाग जाएं।

पत्र में उठाई गईं प्रमुख मांगें

स्थायी जिग-जैग बैरिकेड्स: मंदिर के दोनों ओर मजबूत और स्थायी बैरिकेड्स लगाए जाएं, जो हवा या अनदेखी में गायब न हों। रंबल स्ट्रिप्स और बोर्ड: तकनीकी निरीक्षण के बाद सड़क पर नियमानुसार रंबल स्ट्रिप्स, बड़े चेतावनी बोर्ड और रेडियम से बड़े अक्षरों में संदेश लिखे जाएं, ताकि बेलगाम वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग सके। सोलर ब्लिंकिंग लाइट्स: दूर से ही वाहन चालकों को सतर्क करने के लिए सोलर आधारित ब्लिंकिंग लाइट्स लगाई जाएं। एक्सीडेंट प्रोन जोन: इस पूरे क्षेत्र को दुर्घटना संभावित क्षेत्र घोषित किया जाए।

विशेष दिनों में पुलिस तैनाती

रविवार, अवकाश और धार्मिक अवसरों पर जब भीड़ उमड़ती है, तब पुलिस व यातायात कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए और दुकानों के बाहर अव्यवस्थित पार्किंग को सुधारा जाए। अब देखना यह है कि चार-चार जिम्मेदार विभागों को लिखे गए इन पत्रों के बाद प्रशासन की नींद टूटती है या फिर फाइलें एक टेबल से दूसरी टेबल तक ही सफर करती रहेंगी।

जेब में न मंजूरी, न खाते में सरकारी फीस, बस चूना लगाकर बन रहे थे कॉलोनाइजर

बिना परमिशन कॉलोनी के सपने दिखाने वाले 10 जादूगरों को प्रशासन का नोटिस



जावरा । अगर आपके पास थोड़ा-सा खाली खेत है, एक बोरी चूना है और नियमों को ताक पर रखने का अटूट आत्मविश्वास है, तो बधाई हो-आप रतलाम के जावरा क्षेत्र में कभी भी कॉलोनाइजर बन सकते थे। लेकिन अफसोस, इन स्वघोषित टाउन प्लानर्स के सपनों पर कलेक्टर अजय कटेसरिया ने पानी फेर दिया है। बिना किसी सरकारी परमिशन के खेतों में लकीरें खींचकर सपनों का महल बेचने की तैयारी कर रहे 10 भूमि स्वामियों को प्रशासन ने चाकायदा कारण बताओ नोटिस का तोहफा थमा दिया है। दरअसल, इन महारथियों ने सोचा था कि न पंचायत राज अधिनियम की जरूरत है, न कॉलोनी विकास के नियमों की, और सरकारी फीस भरना तो खैर इनकी शान के खिलाफ था। बस खेत में चूना डालो और कॉलोनी तैयार! लेकिन जावरा तहसीलदार और कस्बा पटवारियों ने जब खाता-खसरा की नकल निकालकर इनकी कुंडली खंगाली, तो सारा विकास मॉडल धरा रह गया। ग्राम तुहारी, ग्राम कुम्हारी और कस्बा जावरा में बिना किसी मंजूरी के चल रहे इस ओपन-एयर प्लॉटिंग शो की रिपोर्ट सीधे कलेक्टर की टेबल पर पहुंच गई।

इन 10 महारथियों को मिला दफ्तर आने का न्योता

प्रशासन ने अब इन सभी से पूछा है कि भैया, किसकी परमिशन से यह नया शहर बसा रहे थे? असली दस्तावेज लेकर हाजिर होने का फरमान जिन 10 लोगों को सुनाया गया है, उनमें नामली के शंकरलाल राठौर (अन्य-1), आलोट के गुडबेली निवासी रामचंद्र, और जावरा की डाली चौरसिया, उषा, सिद्धू खां, गौरव वगैरह, आजाद, पन्नालाल, सीताबाई और ताहा हुसैन शामिल हैं।

अफसरों की भी बढ़ेगी टेंशन

मामला सिर्फ यहीं नहीं रुकने वाला है। कलेक्टर कटेसरिया ने पूरे जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में अवैध कॉलोनियों की कुंडली खंगालने के लिए सभी एसडीएम (अनुविभागीय अधिकारी) को मैदान में उतार दिया है। निर्देश एकदम साफ हैं—अपने-अपने इलाके की जांच रिपोर्ट तुरंत कॉलोनी सेल को भेजी जाए। कलेक्टर ने यह भी दो टूक कह दिया है कि अगर किसी इलाके में अवैध कॉलोनी बनती पाई गई, तो सिर्फ कॉलोनाइजर ही नहीं, बल्कि उस क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों की भी जवाबदारी तय होगी। यानी अब नीचे से ऊपर तक सबकी खैर नहीं!

संविधान दिवस पर भाजपा नगर मंडल ने डॉ. अंबेडकर को किया नमन

न्यायालय परिसर स्थित उद्यान में प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, संवैधानिक कर्तव्यों के पालन का लिया संकल्प



जावरा । भारतीय जनता पार्टी जावरा नगर मंडल द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार, 26 नवंबर को न्यायालय परिसर स्थित उद्यान में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान किया है। उनका संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता, शिक्षा, समान अधिकार और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का संदेश आज भी समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत है। हमें संविधान में प्रदत्त अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी पूरी निष्ठा से पालन करना चाहिए। उनके विचारों और आदर्शों को जीवन में आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष एवं एल्डरमैन नंदकिशोर महावर, नगर मंडल महामंत्री मनीष डांटवाल, नगर मंडल उपाध्यक्ष एवं एल्डरमैन मनोहर पांचाल, वीरेन्द्र सिंह चौहान, दशरथ कसानिया, इरफान कुरैशी, इफ्तेखार पठान, मोतीलाल यादव, सत्यनारायण पांचाल, महेंद्र चौहान और अफाक अहमद सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

6 दिवसीय अखंड श्री रामचरितमानस पाठ की हुई पूर्णाहुति, विशेष आरती कर फल-मिष्ठान का प्रसाद वितरण किया गया

झाबुआ। शहर के कुरैशी कंपाउंड में रातीतलाई स्कूल के पास श्री रामायण मंडल झाबुआ द्वारा 20 से 25 नवंबर तक 6 दिवसीय अखंड श्री रामायण पाठ का आयोजन किया गया।

पाठ के मुख्य यजमान रिंकू राठौर परिवार एवं मित्र मंडल रहा। जानकारी देते हुए मंडल के वरिष्ठ सदस्य शांतिलाल चौहान एवं हरिभाई सतेगिया ने बताया कि श्री रामायण पाठ आचार्य पं. दशरथनंदन जानी के सानिध्य में सा-आनंद एवं धार्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ।

प्रतिदिन एक रामायण पाठ किया गया। यह पाठ धर्म जागरण एवं सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने तथा जिले की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना को लेकर रखा गया। श्री रामायण पाठ की चौपाइयों का वाचन मंडल के वरिष्ठ, युवा एवं महिला सदस्यों ने संगीतमय सुमधुर वाद्य यंत्रों के साथ किया। 25 नवंबर, बुधवार दोपहर 11 बजे पाठ की पूर्णाहुति पर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ किया गया एवं श्रीराम दरबार तथा श्री हनुमानजी महाराज की विशेष आरती की गई। बाद मंडल के सदस्यों और सभी भक्तों को फल-मिष्ठान का प्रसाद वितरण किया गया। पाठ के मुख्य यजमान रिंकू राठौर ने सभी का आभार माना।

घर में काम करने वाली महिला ही निकली चोर, 3.50 लाख के सोने-चांदी के जेवर बरामद

सीसीटीवी फुटेज की मदद से स्टेशन रोड पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा

रतलाम। शहर के प्रतापनगर क्षेत्र में एक बुजुर्ग के घर हुई चोरी की वारदात का स्टेशन रोड पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। चोरी किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि घर में पिछले तीन महीने से काम करने वाली महिला ने ही की थी।

पुलिस ने संदेह के आधार पर महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने करीब 3 लाख 50 हजार रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद कर लिए।

पुलिस के अनुसार, प्रतापनगर निवासी 63 वर्षीय राजेन्द्र वाघ ऑटो पार्ट्स की दुकान संचालित करते हैं और घर पर अकेले रहते हैं। 23 नवंबर को दोपहर करीब 3:15 बजे वे घर से दुकान गए थे। शाम करीब 7:30 बजे लौटे तो अलमारी का लॉकर खुला मिला। जांच करने पर उसमें रखा सोने का ब्रेसलेट, चांदी के सिक्के, चांदी की चेन और 7 हजार रुपये नकद गायब थे।

फरियादी को अपने घर में पिछले तीन माह से झाड़ू-पोछा का काम करने वाली महिला सोना उर्फ सोनम पति शकील खान पर संदेह हुआ। इसके बाद 24 नवंबर को उन्होंने थाना स्टेशन रोड में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग, पूछताछ में कबूली चोरी

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पंद्रो, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के निर्देशन और सीएसपी सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मुनेन्द्र गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

जांच के दौरान संदेह के आधार पर प्रतापनगर निवासी 32 वर्षीय सोनम पति शकील पठान से पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने फरियादी के घर से आभूषण चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, महिला ने बताया कि वह पिछले तीन माह से फरियादी के घर काम कर रही थी। इसी दौरान उसने अलमारी से आभूषण चोरी कर अपने घर में छिपा दिए थे।

सोने का ब्रेसलेट और सिक्के सहित 3.50 लाख का माल बरामद

पुलिस ने आरोपिया की निशानदेही पर उसके घर से चोरी गया मश्रुका बरामद किया। इसमें करीब 15 ग्राम का सोने का ब्रेसलेट, 10 ग्राम का सोने का सिक्का, 50 ग्राम की चांदी की चेन और करीब 30 ग्राम के चांदी के तीन सिक्के शामिल हैं। बरामद आभूषणों की कुल अनुमानित कीमत 3 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

चोरी की वारदात का त्वरित खुलासा करने और मश्रुका बरामद करने में थाना प्रभारी निरीक्षक मुनेन्द्र गौतम, उपनिरीक्षक युनुस खान, प्रधान आरक्षक ममता हाड़ा, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र सिंह बघेल, आरक्षक विजय वसुनिया, मकन सिंह और नरेन्द्र परमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।